उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार 08 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1924
**( दिनांक : 03 जून, 2002 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्**

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी "क")।

2. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।

3. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ग")।

4. निधन के निदेश।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. पंचायती राज मंत्री उत्तरांचल पंचायत अध्यादेश, 2002 को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग (2001–2002 का अनुपूरक) विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2002, को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 मार्च, 2002 को प्राप्त हो गई और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का पहला अधिनियम बन गया।

8. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 मार्च, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का दूसरा अधिनियम बन गया।

9. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि उत्तर प्रदेश कृषि मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अप्रैल, 2002 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का तीसरा अधिनियम बन गया।

—2

10. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय, विधेयक, 2002 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2002 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अप्रैल, 2001 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2002 का चौथा अधिनियम बन गया।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम–315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों। (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी–च)

14. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

(समय : अपराह्न 4 : 00 बजे)।

15. मुख्य मंत्री वित्तीय वर्ष 2002–2003 का आय–व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

16. नियम–51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

**देहरादून:**
**दिनांक : 3 जून, 2002**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

(क)

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शस्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2002
का प्रथम सोमवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 08 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1924

(दिनांक : 03 जून, 2002)

नत्थी (ख)

–: अल्पसूचित प्रश्न :–

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>20–05–2002 | **1. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश की नई पर्यटन नीति बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो नई पर्यटन नीति का क्या प्रारूप है ? यदि नही, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री नारायण सिंह जंतवाल<br>22–05–2002 | **2. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में एकल आहरण वितरण प्रणाली कब से लागू की गई ? क्या सरकार इस व्यवस्था को समाप्त करने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक यह व्यवस्था समाप्त हो जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | वित्त |

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2002
का प्रथम सोमवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 08 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1924

(दिनांक : 03 जून, 2002)

नत्थी (ग)

–: तारांकित प्रश्न :–

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>11–04–2002 | *1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में लघु जल विद्युत निगम की उत्तरांचल में, कितनी परियोजनाये कार्य कर रही हैं ? इन परियोजनाओं का उत्पादन लक्ष्य, प्रति परियोजना क्या निर्धारित था ? प्रत्येक परियोजना कितना उत्पादन कर रही है? क्या लक्ष्य से कम उत्पादन करने वाली परियोजनाओं के उत्पादन में वृद्धि के संबंध मे सरकार की कोई कार्ययोजना है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>श्री नारायण सिहं जंतवाल<br>11–04–2002 | *2. क्या मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि उत्तरांचल राज्य के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश सरकार ने रामपुर तिराहा मुजफ्फरनगर काण्ड के दोषी अधिकारियों को सजा दिलाने के लिये शासन स्तर पर क्या प्रयास किये ? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>12–04–2002 | *3. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासन ने उत्तरांचल की महिलाओं की कठिन दिनचर्या की समस्याओं के समाधान के लिए कोई योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है ? उक्त योजना कब तक क्रियान्वित हो जायेगी ? महिलाओं के स्वास्थ्य एवं आर्थिक सबलता के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाया गया है ? यदि नही तो क्यों ? | महिला सशक्तीकरण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>12–04–2002 | *4. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार देहरादून तथा ऊधमसिंह नगर में चोरी डकैती एवं लूटपाट की घटनाओं में वृद्धि हो रही है ? यदि हाँ, तो अपराधों के वृद्धि का क्या कारण है ? क्या सरकार इन अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाने जा रही है ? | गृह |
| श्री मदन कौशिक<br>12–04–2002 | *5. क्या उद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हरिद्वार में उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिये प्रोत्साहित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो योजना का स्वरूप क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>17–04–2002 | *6. क्या न्याय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि न्यायालय सिविल जज अपर खण्ड खटीमा जनपद ऊधमसिंह नगर के कार्यालय हेतु भूमि की व्यवस्था कर ली गयी है ? यदि हाँ, तो क्या उक्त भूमि पर न्यायालय के भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है ? यदि नही तो क्यों ? | न्याय |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17–04–2002 | *7. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि सुरक्षा की दृष्टि से जनपद उत्तरकाशी में महर्षि वेद विज्ञान पीठम के आश्रमों में ठहरने वाले विदेशी नागरिकों की गतिविधियों की जानकारी सरकार को रहती है ? यदि हाँ, तो किन–किन देशों के विदेशी नागरिक कितनी समयावधि के लिये किस प्रयोजन से आते हैं ? यदि नही, तो क्यों और क्या सरकार इसके लिए व्यवस्था करेंगी ? | गृह |
| श्री हरिदास<br>19–04–2002<br>श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20–04–2002<br>श्री मदन कौशिक<br>02–05–2002 | *8. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल प्रदेश गठन के बाद मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु कोई, नीति निर्धारित की गयी है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | सामान्य प्रशासन |
| काजी निजामुद्दीन<br>23–04–2002<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16–05–2002 | *9. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य में कुल कितनी चीनी मिले हैं ? इन मिलों पर किसानों का कितना रू0 बकाया है ? क्या सरकार कृषकों के बकाया धनराशि का भुगतान करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | गन्ना विकास |
| श्री विजय पाल सिंह सजवाण<br>24–04–2002 | *10. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में खनन नीति निर्धारित कर दी गयी है ? यदि नही, तो कब तक नीति निर्धारित कर दी जायेगी ? | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>2[illegible]-04–2002<br>श्री बिशन सिंह चुफाल<br>02–05–2002 | *11. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तरांचल प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में तदर्थ नियुक्त प्रवक्ताओं को नियमित किये जाने का मामला सरकार के विचाराधीन हैं ? यदि हाँ, तो कब तक इन प्रवक्ताओं को नियमित कर दिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

## <u>अतारांकित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>11–04–2002 | 1. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अर्न्तगत कितने गांवों का विद्युतीकरण होना शेष है ? क्या इन गांवों का विद्युतीकरण किया जायेगा तथा शेष गांवो का विद्युतीकरण कब तक किया जायेगा ? | ऊर्जा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>11–04–2002 | 2. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि जपनद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र यमकेश्र के ग्राम अमोला, गड़व्योला, दावड़ हेमलेट गांव–कौंदा तथा ग्राम सभा चांदपुर में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में गांवों का विद्युतीकरण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>12–04–2002 | 3. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रप्रयाग जनपद के विद्यापीठ (गुप्तकाशी) में स्थित बंद पडी आयुर्वेद फार्मेसी को फिर से संचालित करने की कोई कार्य योजना विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो कब तक इस पर कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>12–04–2002 | 4. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि रूद्रप्रयाग, बागेश्वर तथा चम्पावत जनपद कब बने तथा इन जनपदों में अभी तक किन–किन विभागों के अधिकारियों के पदों का सृजन नही हुआ है ? क्या सरकार जनहित में उक्त तीनों जनपदों में अधिकारियों के पदों का सृजन कराये जाने पर विचार करेगी ? | प्रथम बुध के अता0 16 में स्था0 |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>12–04–2002 | 5. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के सी.टी. संवर्ग के सभी स्नातक शिक्षकों का दस वर्ष की सेवा के उपरांत एल.टी. में संविलयन हो गया है ? यदि हाँ, तो उनकी संख्या कितनी है ? यदि नही, तो क्यों ? | प्रथम गुरू के अता0 52 में स्था0 |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>15–04–2002 | 6. क्या शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुख्यालय रूद्रप्रयाग में कोई महाविद्यालय है ? यदि नही, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्थान पर महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>15–04–2002 | 7. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी, विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के कई गावों में बिजली की आपूर्ति किन कारणों से बन्द हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में आपूर्ति नियमित करने के लिए प्रभावी कदम उठायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री मदन कौशिक<br>15–04–2002 | 8. क्या मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1998 में सम्पन्न हुए कुंभ मेले का बजट कितना था और आगामी 2004 में होने वाले अर्द्ध कुंभ में सरकार कितने बजट की व्यवस्था करने जा रही है ? उस कुल बजट का कितना भाग स्थायी और कितना अस्थायी कार्यो के लिये होगा ? | द्वितीय मगंल के अता0 1 में स्था0 |
| श्री मदन कौशिक<br>15–04–2002 | 9. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि हरिद्वार विज्ञान स्नातक कोर्स में कोई महिला महाविद्यालय नही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार महिलाओं के लिए विज्ञान स्नातक कोर्स में महिला विज्ञान महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री कैलाश शर्मा<br>16–04–2002 | 10. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोडा में प्रेक्षागृह बनाया जाना प्रस्तावित है ? यदि हाँ, तो क्या प्रेक्षागृह के निर्माण के लिए भूमि क्रय की जा चुकी है ? क्या यह कार्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूर्ण हो जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री प्रकाश पंत<br>17–04–2002 | 11. क्या सांस्कृतिक मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में संग्रहालय तथा आडिटोरियम निर्माणाधीन है ? यदि हाँ, तो यह निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? | संस्कृति |
| श्री प्रकाश पंत<br>17–04–2002 | 12. क्या मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ मुख्यालय में स्थित गोरखा राजाओं के दुर्ग में तहसील कार्यालय तथा आवासीय परिसर बनाया गया है ? यदि हाँ, तो क्या पुरातात्विक महत्व की इस धरोहर के संरक्षण हेतु तहसील कार्यालय व आवासीय परिसर को अन्यत्र स्थानान्तरित कर इसे अपने मूल रूप में लाने के संबंध में कोई कार्य योजना बनाई जायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>18–04–2002 | 13. क्या ऊर्जा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में कुल कितने गाँवों में विद्युतीकरण नही हुआ है तथा सरकार ऐसे गाँवों का कब तक विद्युतीकरण करायेगी ? यदि नही तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>18–04–2002 | 14. क्या ऊर्जा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में कुल कितने गाँवों का विद्युतीकरण नही हुआ है ? क्या सरकार ऐसे गाँवों का विद्युतीकरण करायेगी ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>1[illegible]-04–2002 | 15. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल में वाल्मीकि समुदाय के नागरिक निवास करते हैं ? यदि हाँ, तो क्या इस समुदाय के लोगों को निर्बाध रूप से स्थायी निवास प्रमाण पत्र निर्गत किये जाते हैं ? | सामान्य प्रशासन |
| श्री प्रकाश पंत<br>18–04–2002 | 16. क्या आबकारी मंत्री कृपया बतायेंगे कि पिथौरागढ़ की तहसील गंगोलीहाट के मुख्यालय में श्री महाकाली मंदिर तथा चामुण्डा मंदिर के समीप ही शराब की दुकानें भी स्थित हैं ? यदि हाँ, तो क्या क्षेत्रीय जनता शराब की दुकाने धार्मिक स्थल से अन्यत्र स्थानान्तरित करने की मांग करती आ रही है ? यदि हाँ, तो सरकार कब तक इन शराब की दुकानों को धार्मिक स्थल से अन्यत्र स्थानान्तरित करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | प्रथम शुक्रवार के अता0 38 में स्था0 |
| श्री प्रकाश पंत<br>18–04–2002 | 17. क्या मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में लम्बे समय से बहुउद्देशीय पार्क (अप्पूघर) का निर्माण प्रस्तावित है ? क्या सरकार द्वारा पार्क के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गयी है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष में उक्त पार्क का निर्माण करायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | प्रथम शुक्रवार के अता0 39 में स्था0 |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>19–04–2002 | 18. क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में ग्राम त्यूखर, लस्या तथा ग्राम सिंराई, चौण्डा, मुरचौण्ड, पालीगाड़ में विद्युतीकरण का कार्य कई वर्षो से लम्बित है ? यदि हाँ, इसका क्या कारण है ? क्या सरकार उक्त गॉवों को विद्युतीकरण की सुविधा प्रदान करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री कौलदास<br>19–04–2002 | 19. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल अन्तर्गत थत्यूड़ / धनोल्टी क्षेत्र के लिए 33 के0वी0पावर हाउस का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पंत<br>19–04–2002 | 20. क्या सरकार उत्तरांचल के प्रत्येक जिले में पत्रकार कल्याण निधि स्थापित करने की कोई योजना बनाने जा रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | द्वितीय मगंल के अता0 7 में स्था0 |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>20–04–2002 | 21. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम भ्यूना, चौण्डा, मुरचौण्डा, सिरांई धोदड़ खेफड़ भुनका, पट्टी भरदार जनपद रूद्रप्रयाग में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है ? क्या यह सत्य है कि विद्युत वितरण खण्ड टिहरी गढ़वाल द्वारा विद्युतीकरण किये जाने में लापरवाही बरती गयी है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके लिए उत्तरदायी हैं ? क्या सरकार जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>20–04–2002 | 22. क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि श्री प्रमोद सिंह पुत्र श्री सरोपसिंह ग्राम थापला पट्टी भरदार विकास खण्ड जखोली रूद्रप्रयाग की मृत्यु बिजली के करंट से दिनांक 28–05–1998 को हुई थी ? यदि हाँ, तो क्या स्व0 श्री प्रमोद सिंह की माता श्रीमती चौधरी देवी को विद्युत विभाग द्वारा मुआवजा दिया गया है ?यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पंत<br>22–04–2002 | 23. क्या मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि सरकार राज्य के आन्दोलन के शहीद स्थलों को राजकीय स्मारकों के रूप में विकसित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों | संस्कृति |
| श्री प्रकाश पंत<br>22–04–2002 | 24 क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि सरकार राज्य आन्दोलन के दौरान घायल व्यक्तियों के लिए राज्य आन्दोलन सम्मान पेंशन दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | सामान्य प्रशासन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>22–04–2002 | 25. क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ग्राम मुन्याघर बांगर से चोपड़ा सिलगढ़ विकास खण्ड जखोली रूद्रप्रयाग में विद्युत लाइन कब क्षतिग्रस्त हुई थी ? क्षतिग्रस्त विद्युत लाईन को ठीक न करने का क्या कारण है ? उक्त विद्युत लाइन के लम्बे समय तक क्षतिग्रस्त रहने से हुई राजस्व की हानि की वसूली किससे और किस प्रकार की जाएगी ? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पंत<br>23–04–2002 | 26. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि पिथौरागढ में नैनीसैनी हवाई पट्टी निर्माणाधीन हैं ? यदि हाँ, तो इसका निर्माण कब से प्रारम्भ हुआ ? वर्तमान में इसके निमार्ण की क्या प्रगति है और यह कब तक तैयार हो जायेगी ? | नागरिक उड्डयन |
| श्री प्रकाश पंत<br>23–04–2002 | 27. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार वृद्ध, असहाय अधिवक्ताओं की सहायता के लिए अधिवक्ता कल्याण कोष स्थापित करने की योजना बना रही हैं ? यदि हाँ, तो योजना की रूपरेखा क्या है तथा यह कब तक लागू हो जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | न्याय |
| श्री प्रकाश पंत<br>23–04–2002 | 28. क्या मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि उत्तरांचल राज्य आन्दोलनकारी शहीदों के सम्मान में महत्वपूर्ण भवनों, संस्थानों व मार्गो का नाम शहीदों के नाम पर रखा जाना शासन के विचाराधीन हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | सामान्य प्रशासन |
| श्री विजय पाल सिंह सजवाण<br>23–04–2002 | 29. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरकाशी जिले के बीरपुर डुण्डा में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्लान्ट को पुनः चालू करने की सरकार कोई योजना बना रही है ? यदि हाँ, तो उक्त प्लांट कब तक चालू कर दिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों? | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विजय पाल सिंह सजवाण 23–04–2002 | 30. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरकाशी स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रिक्त प्रवक्ताओं के पदों को भरने की क्या कार्यवाही की जा रही है ? इन रिक्त पदों को कब तक भर लिया जायेगा ? क्या सरकार छात्रहित में यहाँ पर पत्रकारिता, पर्यटन, बी.एड., एल.एल.बी. के संकयों को खोलने पर विचार करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 23–04–2002 | 31. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्युत विभाग द्वारा सभी विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युतमीटर उपलब्ध कराए गए हैं ? यदि नही, तो सरकार कब तक विद्युत मीटर हर उपभोक्ता को उपलब्ध करा देगी ? | ऊर्जा |
| श्री विजय पाल सिंह सजवाण 24–04–2002 | 32. क्या ऊर्जा मत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी की लोहारी नाग, पालावासू विद्युत परियोजना की स्वीकृति कब तक प्रदान कर दी जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी 24–04–2002 | 33. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में जिमनेजियम के निर्माण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा 33.00 लाख रू0 स्वीकृति के विरूद्ध 14.00 लाख रू0 यू.जी.सी. एवं 12–70 लाख रू0 राज्यांश धनावंटन प्राप्त हुआ था ? क्या उत्तरांचल राज्य गठन के फलस्वरूप राज्यांश धनराशि 12–32 लाख रू0 फ्रीज हो गयी है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस अवशेष धनराशि को अवमुक्त किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी 24–04–2002 | 34. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय जोशीमठ में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय खोले जाने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो कब तक इस संबंध में निर्णय ले लिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक 24–04–2002 | 35. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में विधि विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना हो गयी है ? यदि हाँ, तो कहाँ ? यदि नही, तो क्यों ? | गृह |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 26–04–2002 | 36. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के अधिकांश ग्रामीण इलाकों में विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल बिना मीटर लगाये दिया जाता हैं ? क्या सरकार सभी उपभोक्ताओं को विद्युत मीटर उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री नारायण राम आर्य 26–04–2002 | 37. क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ जनपद के राजकीय महाविद्यालय गंगोलीहाट के भवन का निर्माण तथा इस महाविद्यालय में प्रवक्ताओ की नियुक्ति कब तक हो जायेगी ? | उच्च शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>29–04–2002 | 38. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में परियोजनानुसार विद्युत शक्ति की कुल स्थापित, क्षमता कितनी हैं ? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पंत<br>30–04–2002 | 39. | क्या वित्त मंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2001–2002 में 31 मार्च को वर्ष समाप्ति के समय किन–किन विभागों की कितनी धनराशि उपयोग में नही लाई जा सकी तथा कितनी धनराशि को पुनर्विनियोजन किया गया ? क्या सरकार वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अपने विभाग का वार्षिक बजट समय पर उपभोग न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | वित्त |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>30–04–2002 | 40. | क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के किन–किन गांवों में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं चल रही हैं ? क्या जिन गांवों मे यह योजनाएं चल रही हैं उन गांवों की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में तुलनात्मक बढ़ोत्तरी हुई है ? यदि नही, तो क्यों ? | बाल विकास |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>30–04–2002 | 41. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनता की व्यापक मांग पर रूद्रप्रयाग जनपद के अन्तर्गत विद्यापीठ गुप्तकाशी में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो कब तक महाविद्यालय स्थापित हो जाएगा ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>30–04–2002 | 42. | क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विकास क्षेत्र ऊखीमठ के दूरस्थ गांव रॉऊ–लैंक में विद्युतीकरण की कोई कार्य योजना शासन के विचाराधीन हैं ? यदि हाँ, तो विद्युतीकरण का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>30–04–2002 | 43. | क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युतीकृत ग्राम पंचायतों के अधिकांश तोको में विद्युतीकरण नही किया गया है ? क्या सरकार इन छूटे हुए तोकों में विद्युतीकरण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| काजी निजामुद्दीन<br>30–04–2002 | 44. | क्या न्याय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के श्रम न्यायालय में राज्य गठन के समय कितने मुकदमें विचाराधीन थे तथा इनमें से कितने मुकदमों का निस्तारण हो चुका है ? | द्वितीय शुक्रवार के अता0 13 में स्था0 |

# नत्थी 'घ'

कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 01 जून, 2002 की बैठक में दिनांक 3 जून, 2002 से 14 जून, 2002 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश कीः-

जून, 2002

| | |
|---|---|
| 03 सोमवार | (1) औपचारिक कार्य।<br>(क) उत्तरांचल पंचायत अध्यादेश, 2002<br>(2) वित्तीय वर्ष 2002-2003 का आय-व्ययक प्रस्तुत किया जाना। |
| 04 मंगलवार | (1) वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| 05 बुधवार | (1) वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| 06 गुरूवार | (1) वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| 07 शुक्रवार | (1) असरकारी संकल्पों पर चर्चा (आधा दिन)<br>(क) श्री बिशन सिंह चुफाल, श्री मातबर सिंह कण्डारी, श्री प्रकाश पंत, श्री सुरेश चन्द्र जैन, श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत–"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधायको को विधायक निधि के रूप में मिलने वाली विवेकाधीन विकास निधि को 75 लाख से बढ़ा कर 1 करोड़ कर दिया जाय।"<br>(ख) श्री मदन कौशिक– "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि हरिद्वार मे अर्ध कुम्भ, 2004 में अस्थाई निर्माण के स्थान पर स्थायी कार्य कराये जायें।"<br>(ग) श्री मातबर सिंह कण्डारी– "इस सदन का सुविचारित मत है कि उत्तरांचल राज्य के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के लिये उद्योगों का जाल बिछाये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें।" |

--2

| | |
|---|---|
| | (घ) श्री प्रकाश पंत– "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल में पंचायतों, नगर पालिकाओं तथा महानगर क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिये संविधान के अनुच्छेद 40 तथा संविधान के 73वें व 74वें संशोधन के अनुरूप अनुच्छेद 243 (क) से 243 य च के प्रावधानों के अनुसार विधि इसी सत्र में बना ली जाय।"<br>(ङ.) श्री काशी सिंह ऐरी, श्री बलबीर सिंह नेगी, श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, श्री नारायण सिंह जंतवाल, श्री प्रीतम सिंह पंवार– "यह सदन संकल्प व्यक्त करता है कि सबके लिए शिक्षा योजना की भाँति प्रदेश में सबके लिए स्वास्थ्य योजना बना कर प्रदेश के दूरस्थ एवं असेवित क्षेत्रों को भी स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करने हेतु तुरन्त कदम उठाये जायं।" |
| 08 शनिवार | बैठक नहीं होगी। |
| 09 रविवार | बैठक नहीं होगी। |
| 10 सोमवार | विभागवार अनुदानों की मांगों पर चर्चा एवं मतदान। |
| 11 मंगलवार | विभागवार अनुदानों की मांगों पर चर्चा एवं मतदान। |
| 12 बुधवार | विभागवार अनुदानों की मांगों पर चर्चा एवं मतदान। |
| 13 गुरूवार | (1) विभागवार अनुदानों की मांगों पर चर्चा एवं मतदान।<br>(2) शेष विभागों के अनुदानों की मांगों पर चर्चा एवं मतदान।<br>(3) उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2002 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण। |
| 14 शुक्रवार | (1) असरकारी दिवस।<br>(2) विधायी कार्य (सायं 5:00 बजे)। |